तापमान

अधिकतम 25.2 डिग्री

न्यूनतम 12.6 डिग्री

हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, सोमवार 18 दिसंबर 2023



10 आज के विद्यार्थी ही बनाएंगे देश को समृद्ध एवं विकसित



12 नेशनल हाइवे के वृक्षों की शिफ्टिंग शुरू



## खबर संक्षेप

### घर से चांदी और मोबाइल की चोरी

**महसमुंद।** कोमाखान थाना में लगभग चार महीने पहले हुई चोरी की घटना में रिपोर्ट दर्ज किया गया है। प्रार्थिया सोमवती प्रजापति ग्राम केरामुड़ा खुर्द ने बताया कि उसके घर से अज्ञात चोर ने 1 जोड़ी चांदी का पायल कीमती 10000 रुपए एवं 1 मोबाइल कीमत 8000 रुपए कुल 18000 रुपए की चोरी कर ली। पुलिस ने अज्ञात चोर पर धारा 454, 380 के तहत अपराध दर्ज किया है।

### अवैध महुआ शराब की बिक्री कर रहे दो लोग गिरफ्तार

**महासमुंद।** बलौदा थाना पुलिस ने गस्त के दौरान टिभुपाली से देवधरा जाने का मार्ग पर अवैध रूप से शराब बिक्री कर रहे गोकुल बरिहा (32 ) टिभुपाली को 3000 एमएल महुआ शराब कीमत 600 एवं एवं सालीकराम सिदार पिता रेशमलाल ( 45 साल) टिभुपाली 4000 एमएल महुआ शराब कीमती 800 रुपए के साथ बलौदा पुलिस ने पकड़ा है। दोनों आरोपियों के खिलाफ धारा 34 (ए) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

### जहर सेवन, इलाज के दौरान मौत

**महासमुंद।** जहर सेवन करने वाले युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। बसना थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मृतक धनीराम जगत पिता धनसाय 35 साल रूपापाली ने 9 दिसंबर शनिवार को जहर का सेवन किया था जिसे निजी सरायपाली में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच संज्ञान में लिया है।

# स्कूलों में पूरी तैयारी के बाद रद्द की गई अर्धवार्षिक परीक्षा, अब होगी जनवरी में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

हाईस्कूल और हायर सेकंडरी कक्षाओं में अर्धवार्षिक परीक्षा के लिए पूर्व की वर्षो की तरह ही स्कूल स्तर आयोजित करने की तैयारी पूरी कर ली गई। लेकिन, कलेक्टर के आदेश के बाद रोक दिया गया। जानकारी के मुताबिक जिले के सभी बोर्ड कक्षाओं की परीक्षा में एकरूपता लाने के लिए बोर्ड की तर्ज पर एक समान प्रश्न पत्र सेट किया जाएगा। कलेक्टर की पहल पर एक विशेष अभियान मिशन 95 प्लस शुरू किया गया है। इसके अनुसार जिले में पहली बार अर्धवार्षिक परीक्षा में बोर्ड की तर्ज पर एक समान प्रश्न पत्र बनाए जाएंगे। अक्सर देखा जाता है कि कई स्कूलों में कोर्स पूरा न हो सके तो छमाही की परीक्षाओं में जितना कोर्स शिक्षक ने पूरा किया है। उसी में से प्रश्न पूछकर परीक्षा की खानापूर्ति कर ली जाती है। जिससे शिक्षा के स्तर पर गलत असर पड़ता है। इस समस्या के निराकरण के लिए बोर्ड की तर्ज पर पूरे जिले में एक जैसे प्रश्न बोर्ड द्वारा निर्धारित प्रति यूनिट अंकों के आधार पर बनाकर पूरे जिले की कक्षा 9वीं से लेकर 12वीं तक की परीक्षाएं बोर्ड की तर्ज पर करायी जा रही हैं। जिससे विद्यार्थियों की तैयारी बोर्ड के पैटर्न पर हो और शिक्षा की गुणवत्ता में धनात्मक बढ़ोतरी हो। इसके लिए जिले भर दर्जनों विषयवार विशेषज्ञ शिक्षकों की टीम बनाई जाएगी, जिनकी देखरेख में मिशन 95 प्लस का लक्ष्य पाना है।

## पहली बार अर्धवार्षिक परीक्षा में बोर्ड की तर्ज पर पूरे जिले में होंगे एक समान प्रश्न

### होनहार छात्रों को प्रावीण्य सूची में लाने की पहल

बोर्ड परीक्षाओं में शत प्रतिशत रिजल्ट लाने के लक्ष्य के साथ ही जिले की होनहार छात्र-छात्राओं को प्रदेश की प्रावीण्य सूची में लाने के लिए भी पहल की गई है। मिशन 95 प्लस की अर्धवार्षिक परीक्षा के प्रश्न पत्र माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा निर्धारित सिलेबस के 80 प्रतिशत भाग को समाहित किया जाएगा। अर्धवार्षिक परीक्षा के प्रश्नपत्र में प्रश्नों का चयन बोर्ड द्वारा निर्धारित ब्लूप्रिंट के आधार पर अंक विभाजन को ध्यान में रखते हुए किया गया है।




### बोर्ड की तर्ज पर होगी अर्धवार्षिक परीक्षा

उप संचालक शिक्षा सतीश नायर ने बताया कि चुनाव के कारण अर्धवार्षिक परीक्षा की तारीख को आगे बढ़ाया गया है। इस बार पहली बार अभियान के तहत जिले के सभी बोर्ड कक्षाओं की अर्धवार्षिक परीक्षा में एकरूपता लाने के लिए बोर्ड के तर्ज पर प्रश्न पत्र सेट किए जाएंगे और बोर्ड की तर्ज पर उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया जाएगा। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों की तैयारी बोर्ड के पैटर्न पर हो और शिक्षा की गुणवत्ता में धनात्मक बढ़ोतरी हो।

## समस्या : टोकन कटवा चुके किसानों को धान बेचने के लिए करना पड़ रहा रतजगा

# मिचौंग से हुई थी प्रभावित, प्रतिपूर्ति के लिए रोजाना लिमिट से ज्यादा हो रही धान ख़रीदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

बेमौसम बारिश से पांच दिनों तक समर्थन मूल्य पर खरीदी प्रक्रिया प्रभावित रहीं। निर्धारित दिनों तक धान खरीदी पूरी हो जाए, इसके लिए इन दिनों रोजाना खरीदी की लिमिट दो लाख क्विंटल से अधिक की जा रही है। खरीदी सुनिश्चित कराने के लिए किसानों को टोकन तो जारी किए जा रहे हैं। लेकिन, समय पर धान की खरीदी नहीं होने के कारण किसानों को अभी धान की सुरक्षा के लिए रतजगा करना पड़ा है।

### धान खरीदी उठाव में भी आई तेजी

इधर, धान खरीदी लिमिट से ज्यादा की जा रही है, तो धान का उठाव भी तेज रफ्तार से चल रहा है। एक सप्ताह पूर्व तक जहां सिर्फ 10 लाख क्विंटल तक उठाव हो पाया था। वहीं, अब रविवार तक 23 लाख क्विंटल का उठाव जिले के 193 पंजीकृत राईस मिलर्स उठाव कर चुके हैं। रोजाना डेढ़ लाख क्विंटल से ज्यादा का उठाव मिलर्स द्वारा किया जा रहा है।



एक नवंबर से समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी शुरू हुई। लेकिन, नवंबर माह में धान कटाई की शुरूवात होने तथा बाद में दीपावली और चुनाव के कारण धान खरीदी प्रभावित रहीं। वहीं, इस माह में पांच दिनों तक बेमौसम बारिश होने से अधिकांश केंद्रों में खरीदी ठप रहीं।

लेकिन, अब मौसम खुलते ही खरीदी में एक बार फिर से तेजी देखी जा रही है। अब निर्धारित दिनों तक जिले के सभी पंजीकृत किसानों से धान खरीदी करने की चुनौती शासन के सामने खड़ी हो गई है, जिसे देखते हुए खरीदी की लिमिट बढ़ा दी गई है। पखवाड़े भर पहले तक जहां जिले के 182 उपार्जन केंद्रों में पौने दो लाख क्विंटल तक धान खरीदा जा रहा था, वहां पर अब सवा दो लाख क्विंटल तक खरीदा जा रहा है। इधर, उसी रफ्तार से टोकन भी काटा जा रहा है, उसके बाद भी जिले के अधिकांश सोसायटियों में समय पर धान की खरीदी नहीं होने से किसानों को धान की सुरक्षा के लिए सोसायटी में ही समय व्यतीत करने की मजबूरी बनी हुई है।

### एक सप्ताह में खरीदे 10 लाख क्विंटल

जिले की समितियों 67,745 किसानों से अब तक 35 लाख क्विंटल से अधिक का धान खरीदा जा चुका है। इसमें 10 लाख 42 हजार क्विंटल धान बीते सप्ताह के पांच दिनों में खरीदा गया है। उससे पहले सप्ताह तक 50572 किसानों से 25 लाख 22 हजार क्विंटल धान खरीदा गया था। बीते सप्ताह में कुल 17,173 किसानों ने अपनी उपज की बिक्री की।

### बोर के वायर को लेकर दो पक्षों में मारपीट

**महासमुंद।** बसना थाना अंतर्गत ग्राम दुरूगपाली के आंगनबाड़ी के पास बोर के वायर को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट होने का मामला सामने आया है। गांव के मनोहर प्रसाद साहू पिता ननकी, दाऊ (38 साल) एवं संतराम पटेल पिता गिरधारी (42 साल) ने एक दूसरे के ऊपर बोर के वायर को ले गया है कहकर विवाद हो रहे थे। मामले में पुलिस ने मनोहर की रिपोर्ट पर संतराम के खिलाफ धारा 294, 323, 506 के तहत और संतराम की रिपोर्ट पर मनोहर के खिलाफ धारा 294, 323, 34 के अंतर्गत मामला दर्ज किया है।

### शराब पिलाने की सुविधा दी, कार्रवाई

**महासमुंद।** पटेवा पुलिस ने शराब पिलाने की सुविधा मुहैया करा रहे ग्राम पचरी निवासी राजकुमार केंवट पिता भीखऊ (43 साल) के खिलाफ कार्रवाई की है। आरोपी पर धारा 36 सी आबकारी एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### हादसे के 24 घंटे बाद भी पिथौरा-कसडोल मार्ग पर यातायात बहाल नहीं

**महासमुंद।** पिथौरा-कसडोल मार्ग में देवगढ़ घाट के आगे एक धान से लोडेड ट्रक के पलट जाने से दूसरे दिन भी यातायात बहाल नहीं हो सकी है। उक्त हादसे को 24 घंटे से अधिक का समय हो गया है। लेकिन, इस मार्ग पर यातायात बहाल करने अब तक कोई प्रयास नहीं किया गया है, जिससे बाबा घासीदास जयंती के अवसर पर गिरौदपुरी जाने वाले दर्शनार्थियों को देवगढ़ घाट से वापस आकर अन्य मार्ग से जाना पड़ रहा है।



वन परिक्षेत्र कोठारी एवं पुलिस चौकी बया अंतर्गत देवगढ़ घाट में शनिवार को एक धान से भरी ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गई। दोपहर एक बजे के आसपास ट्रक क्रमांक सीजी 13 एल 17 ट्रक सहकारी समिति धान खरीदी केंद्र बया से धान लोड कर जांजगीर की ओर जा रही थी। इसी बीच देवगढ़ घाट में अंधे मोड़ में ट्रक अनियंत्रित होकर बीच रास्ते मे ही पलट गई। कसडोल मार्ग के बीचो-बीच ट्रक के पलट जाने से इस मार्ग पर आवागमन पूरी तरह बंद हो गया है, जिससे इस मार्ग में आवाजाही पूरी तरह रूक गई है। खासकर, दूरदराज से आने वाले उन दर्शनार्थियों को सबसे ज्यादा परेशानी हो रही है, जो गुरू घासीदास जयंती पर गिरौदपुरी जाना चाह रहे हैं। बता दें कि गिरौदपुरी जाने के लिए पिथौरा-कसडोल मार्ग जिलेवासियों के लिए कम दूरी होने के साथ ही सुगम रास्ता है।

# पड़ रही कड़ाके की ठंड, ठिठुर रहा जिला सामान्य से 5 डिग्री गिरा तापमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में ठंडी और शुष्क हवा आने से सभी जगह कड़ाके की ठंड पड़ रही है। तीन-चार दिनों से जिला मुख्यालय सहित आसपास क्षेत्र में भी ठिठुरती ठंड है। जिससे शाम होते ही अलाव की जरूरत पड़ रही। दिनभर गर्म कपड़ों में लोग दिख रहे हैं। सुबह और शाम होते ही सर्द हवा कंपकंपी बढ़ा रही है। मौसम विभाग का अनुमान है कि इस सप्ताह में भी लगातार ठंड का मिजाज इसी तरह बना रहेगा। उसके बाद फिर से परिवर्तन होने की संभावना है। रविवार को दिन का अधिकतम तापमान 17 डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं, न्यूनतम तापमान 12 डिग्री दर्ज किया गया।

जिले में आगामी दो दिनों से कड़ाके की ठंड पड़ रही है। मिली जानकारी के मुताबिक न्यूनतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है। उसके बाद तीन दिनों में दो से तीन डिग्री सेल्सियस गिरावट होने की संभावना है। फिलहाल 20-21 दिसंबर तक मौसम शुष्क रहने से न्यूनतम तापमान में 21 दिसंबर तक गिरावट होने के आसार हैं। उसके बाद फिर से एक पश्चिमी विक्षोभ आने से मौसम में बदलाव होने की संभावना है और बदली रहने से न्यूनतम तापमान में वृद्धि हो सकती है। रायपुर मौसम केंद्र के अनुसार इस समय एक पश्चिमी विक्षोभ, द्रोणिका के रूप में मध्य क्षोभमंडल में पश्चिम से आ रही है। इसके प्रभाव से प्रदेश में आज 17 दिसंबर को मौसम शुष्क रहने की संभावना है। पश्चिमी विक्षोभ के कारण नमी में वृद्धि होने संभावना है, जिससे प्रदेश में न्यूनतम तापमान में मामूली वृद्धि संभावित है। अधिकतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है।

### जिले के मौसम पूर्वानुमान

मौसम विभाग के अनुसार, अगले दो दिनों तक न्यूनतम तापमान में खास बदलाव की संभावना नहीं है। बुधवार से प्रदेश में दिन के तापमान में 2 से 3 डिग्री गिरावट के आसार है। आज प्रदेश का मौसम शुष्क रहने की संभावना है। जिले में आज अधिकतम तापमान 18 डिग्री और न्यूनतम तापमान 12 डिग्री के आसपास रहने का अनुमान है

### विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं

मौसम वैज्ञानिक एचपी चंद्रा के मुताबिक प्रदेश में रविवार को मौसम शुष्क रहेगा। पश्चिमी विक्षोभ के कारण नमी बढ़ सकती है। हालांकि तापमान में विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है। चंद्रा ने बताया कि एक पश्चिमी विक्षोभ, द्रोणिका के रूप में पश्चिम से आ रहा है, जो 5.8 किलोमीटर पर 65 डिग्री पूर्व और 28 डिग्री उत्तर में स्थित है।




# सतनामी समाज ने किया सर्व समाज के प्रमुखों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



सतनामी समाज द्वारा 16 दिसंबर को गुरु घासीदास बाबा की संदेश यात्रा निकाली गई। इस मौके पर मनखे मनखे एक समान की विचार को जनमानस में चरितार्थ करते हुए सर्व समाज के जिलाध्यक्षों और समाज प्रमुखों का सम्मान किया गया। मंचीय कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगरपालिका अध्यक्ष त्रिभुवन महिलांग, अध्यक्षता हीरा बंजारे व विशिष्ट अतिथि में जीपी कुरील, भागवत जोगी, एसआर बंजारे, डॉ संजीव कर्माकर प्रदेशाध्यक्ष सर्व समाज समन्वय महासभा, बसंत सिन्हा जिलाध्यक्ष छत्तीसगढ़िया सर्व समाज महासंघ, जिलाध्यक्षों में पवन पटेल मरार समाज, नीरज गजेंद्र कलार समाज, तुलेंद्र सागर सारथी समाज, राजू यादव यादव, रामाश्रय यादव, देवेंद्र रौतिया रविदास, मुन्ना साहू, द्विग्विजय साहू साहू समाज, एसपी ध्रुव जनजाति शासकीय सेवक संघ, महेश ध्रुव अजाक्स व सतनामी समाज से विजय बंजारे, हीरा जोगी, नानजी बाघमारे, अजय कुर्रे प्रमुख रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राशि महिलांग ने सभी समाज को मानव समाज की भलाई के लिए एक साथ मिलकर काम करने की बात कही। डॉ संजीव कर्माकर ने कहा कि बाबा जैसे समानता की मूलमंत्र देने वाले संत विश्व में बहुत कम हुए और जो भी सत्य की राह में चलता है, वे सभी सतनामी है। बसंत सिन्हा ने कहा कि गुरु घासीदास बाबा के विचारों को कुछ समता विरोधी ने दबाने का प्रयास किया। जिस कारण उनके इतिहास को भी छिपाया गया। बाबा साहब अंबेडकर ने इतिहास को जागृत कर दादा नकुल देव ढीढी को बताया, तब जन-मानस में बाबा के विचारों का प्रसार हुआ। सम्मान समारोह में बड़ी संख्या में सतनामी समाज के साथ ही सर्व समाज के लोग उपस्थित रहे। समाज के लोगों ने पुलिस प्रशासन, मीडिया व सर्व समाज का आभार व्यक्त किया।

## पाठक सूचना

महासमुंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

**9981131365, 9098324969**

खबर संक्षेप



### मोहंदी में भागवत कथा 23 से

**महासमुंद।** ग्राम मोहंदी में 23 से 30 दिसंबर तक श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया गया है। कथा दोपहर 1 से शाम 5 बजे तक होगा। कथावाचक पं धनंजय तिवारी मानपुर बागबाहरा होंगे। जानकारी देते हुए कमला बाई कन्नौजे, राजेश कन्नौजे, डिलेश्वर कन्नौजे ने बताया कि 23 दिसंबर को वेदी कलश स्थापना, गौकर्ण कथा, 24 को भगवान विष्णु के 24 अवतार, राजा परीक्षित का जन्म, 25 को वराह अवतार, शिव-पार्वती विवाह, 26 को भरत चरित्र, प्रहलाद चरित्र, 27 को वामन अवतार, राम-कृष्ण अवतार, 28 को कृष्ण की बाल लीला, रामलीला, कृष्ण रूखमणि विवाह, 29 दिसंबर को सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष, 30 दिसंबर को गीता, हवन, कपिला दर्पण एवं महाप्रसादी होगा। उन्होंने धर्म प्रेमियों से कथा का अधिक से अधिक से लाभ लेने की अपील की है।

आयोजन : अंग्रेजी महाविद्यालय में विकसित भारत 2047 कार्यक्रम के तहत भाषण प्रतियोगिता हुई

# आज के विद्यार्थी ही बनाएंगे देश को समृद्ध एवं विकसित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय में विकसित भारत 2047 कार्यक्रम के तहत भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महाविद्यालय प्राचार्य डॉ अनुसुइया अग्रवाल थी। उन्होंने जानकारी दी कि यह कार्यक्रम देश के सभी महाविद्यालय तथा विश्वविद्यालय स्तर के विद्यार्थियों के लिए ही लॉन्च किया गया है। उन्होंने बताया कि 25 वर्ष बाद यह विद्यार्थी ही देश की मुख्य कमान संभाल रहे होंगे।

प्राचार्य ने कहा कि देश की प्रगति में विद्यार्थी की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होती है। सशक्त राष्ट्र निर्माण में उन्हें अपना दायित्व सुनिश्चित कर निरंतर प्रयासरत रहना चाहिए। छात्रशक्ति में ही राष्ट्र की शक्ति निहित है, जो तभी संभव है, जब विद्यार्थी कुशल व्यक्तित्व और कुशल नेतृत्व का गुण धारण करें। विश्वशक्ति के रूप में अग्रसर हो रहे भारत और भारत के युवाओं के लिए स्वयं को साबित करने का यही श्रेष्ठ अवसर है।

विद्यार्थी देश को अगले 25 साल में विकसित राष्ट्र के रूप में स्थापित कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि हमें आधुनिकीकरण के पीछे भागते हुए अपनी परंपरागत संस्कृति व सामाजिक मूल्यों को भी संजोए रखने की आवश्यकता है। उन्होंने आह्वान किया कि हम एक विकसित भारत बनाने का प्रयास करेंगे।

कार्यक्रम का संचालन कर रहे राजनीति विज्ञान के प्राध्यापक हरिशंकर नाथ ने प्रधानमंत्री द्वारा प्रारंभ 13 दिवसीय विकसित भारत @ 2047 कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए विद्यार्थियों को इस कार्यक्रम के उद्देश्य तथा महत्व पर प्रकाश डाला। महाविद्यालय के हिंदी के सहायक प्राध्यापक प्रतिमा चंद्राकर ने विकसित भारत बनाने के लिए शिक्षा तंत्र में सुधार की ओर ध्यान आकृष्ट करते हुए विद्यार्थियों को सृजनात्मक एवं समीक्षात्मक अध्ययन की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण अंचल में पैर पसारे सामाजिक कुरीतियों तथा रूढ़िवादी विचारधाराओं को पहले दूर करने की आवश्यकता है।




प्रखर विश्वकर्मा ने कार्यक्रम की शुरुआत के मूल बिंदु पर ध्यान देते हुए बताया कि आजादी की 75वीं वर्षगांठ पर लाल किले से 15 अगस्त 2022 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अगले 25 वर्षों में भारत को विकसित बनाने का सपना देखा, इसी को पूरा करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी ने 11 दिसंबर 2023 को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विकसित भारत@2047: युवाओं की आवाज का शुभारंभ किया। उन्होंने बताया कि विकसित होने के लिए देश की अर्थव्यवस्था तथा राष्ट्रीय आय को बढ़ाने के साथ-साथ सामाजिक अधिसन रचनागत तथा वैचारिक स्तर पर भी उन्नत एवं विकसित विचार करने की आवश्यकता है। मयंक पांडे ने बताया कि हमारे पास मौजूद मोबाइल फोन का इस्तेमाल बहुत ही सोच समझकर सिर्फ उत्पादक कार्यों के लिए ज्ञान अर्जन तथा व्यक्तित्व विकास के लिए करना चाहिए। अक्षांश त्रिवेदी ने प्रकाश डाला कि 2047 में देश को आजाद हुए पूरे 100 वर्ष हो जाएंगे।

### भाषण प्रतियोगिता में प्रखर प्रथम

भाषण प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। जिसमें प्रखर विश्वकर्मा (बीकॉम प्रथम वर्ष) के छात्र ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। मयंक पांडे (बीकॉम-प्रथम वर्ष) द्वितीय तथा अक्षांश त्रिवेदी (बीकॉम प्रथम वर्ष) तृतीय रहे। कार्यक्रम में महाविद्यालय के बीए, बीएससी तथा बीकामक समस्त विद्यार्थी उपस्थित थे।

विद्यार्थियों ने अत्यधिक रुचि लेते हुए संदीप डडसेना, यश भगत, एलिसन सागर तथा अदिति साहू ने प्रतियोगिता में भाग लेकर अपने-अपने विचार प्रस्तुत किए। तत्पश्चात स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापिका डॉ श्रुति झा ने अगले 10 दिनों के विकसित भारत 2047 के कार्यक्रमों की सूचना देते हुए युवाओं को अपनी सक्रिय सहभागिता देने के लिए प्रेरणा दायक विचार प्रस्तुत किया।

उन्होंने बताया कि विकसित भारत से जुड़े आइडियाज पोर्टल पर 5 अलग-अलग विषयों पर ऑनलाइन सुझाव दिए जा सकते हैं। कार्यक्रम में महाविद्यालय की अंग्रेजी की सहायक अध्यापक डॉ श्रुति झा, हिंदी सहायक प्राध्यापक प्रतिमा चंद्राकर, रवि देवांगन (सहायक प्राध्यापक - अर्थशास्त्र), तरुण कुमार बांधे (सहायक प्राध्यापक वाणिज्य), मुकेश कुमार सिन्हा (व्याख्याता कंप्यूटर एप्लीकेशन), हरिशंकर नाथ (व्याख्याता राजनीति शास्त्र), निलेश कुमार तिवारी (व्याख्याता गणित), माधुरी दीवान (व्याख्याता वाणिज्य), केमिका चंद्राकर (व्याख्याता कंप्यूटर विज्ञान), शेषनारायण साहू (प्रयोगशाला तकनीशियन) आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम में कर्मचारी धर्मेंद्र साहू का सराहनीय योगदान रहा।

## सिख समाज की बैठक में लिए गए जरूरी निर्णय



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

महासमुंद एवं खरियार रोड (ओडिशा) के सिख समाज के नेतृत्व में गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के मेंबरों की एक महत्वपूर्ण बैठक गुरु सिंघ सभा झलप में रखी गई। जिसमें सरायपाली, बसना, पिथौरा, बागबाहरा और झलप कमेटी के सदस्य और संगत मौजूद रहे।

बैठक में अनेक प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए। इन प्रस्ताव में कहा गया है कि किसी भी मृतक के शरीर में परिवार के अलावा समाज या किसी अन्य द्वारा चादर नहीं चढ़ाई जाएगी। श्रद्धा अनुसार माया की सेवा गुरु की गोलक में करे, अंतिम अरदास के पश्चात होने वाले लंगर में सादा भोजन ( रोटी, चावल, दाल और केवल 1 सब्जी) तय किया गया है। उपरोक्त निर्णय समाज सुधार के लिए लिए गए हैं। बैठक में महासमुंद, सांकरा, गढ़फुलझर एवं खरियार रोड से उपस्थिति नहीं होने के बावजूद उन्होंने भी इस कार्य के लिए सहमति दी है।

### यह रहे बैठक में मौजूद

बैठक में सरायपाली से रंजीत सिंह आहूजा बिट्टू, रंजीत सिंह सलूजा, अमित सिंह आहूजा, बसना से मनजीत सिंह सलूजा, गुरबख्श सिंह तलुजा, मनजीत सिंह छाबड़ा, दविंदर सिंह होरा, तेजपाल सिंह टुटेजा, हरजिंदर सिंघ कालड़ा, पिथौरा से सिंदर सिंह नारंग, गुरचरण सिंह सलूजा, जगजीत सिंह माटा, झलप से दिलीप सिंह सलूजा, प्रितपाल सिंह सलूजा, हरमीत सिंह सलूजा, वरियाम सिंह सलूजा, हरजीत सिंह सलूजा, बागबहरा से लखबीर सिंह छाबड़ा, हरमीत सिंह बग्गा, नरेंद्र सिंह बग्गा उपस्थित रहे।

### शहीदी सप्ताह और वीर बाल दिवस मनाने लिया निर्णय

बैठक में धन धन साहिब गुरु गोबिंद सिंघ की माता गुजर कौर, चार साहेबजादों बाबा अजीत सिंघ, बाबा जुझार सिंघ, बाबा जोरावर सिंघ, बाबा फतेह सिंघ एवं अनेक सिंघा, सिंघनिया की शहादत की मीठी याद में शौर्य, बलिदान, गौरव, देश, धर्म के लिए शहीद होने की याद दिलाने वाले शहीदी सप्ताह एवं 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस के रूप में पूरे जिले के गुरुद्वारा साहिब में 22 से 28 दिसंबर तक शहीदी सप्ताह को मनाने का निर्णय लिया।

# ग्राम संपर्क फेस 2 : स्वयंसेवकों ने गांवों में घर-घर किया सर्वे

## बाल अधिकार को लेकर नुक्कड़ सभा, रैली समेत विविध कार्यक्रम हुए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

राष्ट्रीय सेवा योजना की टीमों ने 15 दिसंबर को महासमुंद ब्लॉक के 10 गांव में भ्रमण किया। यूनिसेफ एवं राष्ट्रीय सेवा योजना उच्च शिक्षा विभाग छग शासन के संयुक्त तत्वावधान में डॉ नीता बाजपेयी राज्य एनएसएस अधिकारी उच्च शिक्षा विभाग एवं डॉ एल एस गजपाल कार्यक्रम समन्वयक पंडित रविशंकर शुक्ल विवि रायपुर के निर्देशानुसार ग्राम संपर्क फेस 02 सुरक्षित पारा सुरक्षित लईकामन के अंतर्गत डॉ मालती तिवारी जिला संगठक एवं कार्यक्रम की नोडल अधिकारी तथा अजय कुमार राजा कार्यक्रम अधिकारी द्वारा दिशा निर्देश में ग्रुप क्रमांक 01 अनुशासन ग्रुप गायत्री चंद्राकर शांत्रीबाई कॉलेज के नेतृत्व में एवं दल नायक कमलेश नागवंशी, उपदल नायक राहुल पाल द्वारा गांव के लोगों से संपर्क किया। जिसमें ग्राम झालखम्हरिया एवं बोरियाझर के सरपंच, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, शासकीय प्राथमिक विद्यालय के प्रधान पाठक से मिलकर जानकारी ली गई। गांव में दीवारों पर बाल अधिकार बाल श्रम, महिलाओं से संबंधित नारा लेखन किया गया। साथ ही गुड टच बैड टच पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर लोगों को बाल अधिकार के प्रति जागरूक किया गया। गर्भवती माताओं से मिलकर शिशु स्वास्थ्य से अवगत कराया गया। साथ ही पोषण आहार लेने के लिए कहा गया।



इसी प्रकार ग्रुप क्रमांक 02 मणिकर्णिका ग्रुप डॉ सरस्वती वर्मा के नेतृत्व में दल नायक रीना साहू, उपदल नायक दीपा साहू ने ग्राम कोसरंगी में रैली निकाली गई तथा शाला त्यागी बच्चों को स्कूल जाने प्रेरित किया तथा बाल अधिकार के बारे में बच्चों को अवगत कराया। नारा लेखन बच्चों और अपनो का प्यार यही है बच्चों का अधिकार से लोगों को जागरूक किया। स्वास्थ्य सर्वे के अनुसार वहां 06 गंभीर कुपोषित बच्चे और 14 मध्यम कुपोषित बच्चों की संख्या प्राप्त हुई। दल क्रमांक 03 कर्तव्यनिष्ठ ग्रुप निर्मल बंजारे श्याम बालाजी बीएड कॉलेज एवं दलनायक प्रवीण कुमार, उपदल नायक ईशा पटेल द्वारा ग्राम खैरा एवं लभराखुर्द गांव में सरपंच से संपर्क किया। साथ ही आंगनवाड़ी में बच्चों को तरह-तरह के खेल खिलाएं। इन्होंने पोषण संबंधी बातों को बच्चों को समझाया। बाल श्रम से संबंधित रैली निकाली गई। नुक्कड़ नाटक भी प्रस्तुत किए। ग्राम सर्वे में 10 शाला त्यागी बच्चे, बाल श्रमिक 15 बच्चे प्राप्त हुए, जिन्हें पढ़ने और शिक्षा ग्रहण करने के लिए स्वयंसेवकों द्वारा समझाइश दी गई।

ग्रुप क्रमांक 04 आत्मनिर्भर ग्रुप अजय कुमार राजा के नेतृत्व एवं दल नायक गोपी सिन्हा, उपदल नायक रोशनी राजपूत द्वारा ग्राम मामाभांचा के प्रमुख लोगों से मुलाकात की तथा नुक्कड़ नाटक रैली नारा लेखन का कार्य किया। बच्चों को गीत कहानी एवं खेल खिलाएं। डोर टू डोर सर्वे कर शिक्षित एवं अशिक्षित परिवार की जानकारी ली गई। सर्वे में 60 % विकलांग वाले 2 लड़कियों की संख्या प्राप्त हुए। ग्रुप क्रमांक 05 प्रभारी कार्यक्रम अधिकारी प्रियंका चक्रधारी एवं दल नायक प्रियांशु तिवारी, उप दल नायक पूर्णिमा साहू द्वारा ग्राम पचेड़ा में बाल अपराध पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर लोगों को बाल अधिकारों से अवगत कराया। ग्राम में विकलांग व्यक्तियों की संख्या 30 है। ग्रुप क्रमांक 06 प्रभारी कार्यक्रम अधिकारी चुम्मन लाल निषाद एवं दल नायक नील कमल चौधरी, उप दल नायक सत्यवान पटेल द्वारा ग्राम मोंगरा, शेर एवं साल्हेभांठा में बच्चों के स्वास्थ्य, शिक्षा एवं अधिकारों पर नुक्कड़ नाटक, नारा लेखन, रैली निकाल कर लोगों को बाल अधिकारों एवं उनके संरक्षण के बारे में जागरूकता अभियान चलाया, तीनों ग्राम में 30 गर्भवती माताओं के सही पोषण आहार लेने के लिए आव्हान किया।

### समापन कार्यक्रम में प्रमाण पत्र वितरित

इस प्रकार द्वितीय दिवस ग्राम संपर्क अभियान में 10 ग्रामों में जागरुकता अभियान चलाया गया। सभी ग्रामों का निरीक्षण डॉ मालती तिवारी ने किया। संजय कानन उद्यान में इस दो दिवसीय ग्राम संपर्क अभियान फेस 2 का समापन कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में सभी ग्रुप ने अपने किए गए कार्यों का संक्षिप्त में जानकारी दी।

### बच्चों का निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर

**महासमुंद।** राष्ट्रीय विजय दिवस पर आरोग्य चिल्ड्रन हॉस्पिटल द्वारा ग्राम बम्हनी एवं भोरिंग में बच्चों का निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। डॉ योगिता राठी शिशु रोग विशेषज्ञ ने बताया कि ग्राम बम्हनी में 120 बच्चों का इलाज किया गया। एक बच्चा जला हुआ आया था, जिसे अस्पताल में भर्ती करने की सलाह दी गई। ग्राम पंचायत भोरिंग में 100 बच्चों का स्वास्थ्य परिक्षण के साथ बीमार बच्चों को निःशुल्क दवा वितरण किया गया। हॉस्पिटल प्रबंधन द्वारा अब तक 10 निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाए जा चुके हैं। बच्चे एवं उनके अभिभावकों को सलाह दी गई कि सर्दी से बचें। निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में सहयोग के लिए आरोग्य चिल्ड्रन हास्पिटल के स्टाफ थे।



बिजनेस साइट

## अग्रवाल नर्सिंग होम में विशाल ऑपरेशन शिविर 21 को

**बसना।** बेटी बचाव बेटी पढ़ाओ के प्रदेश सदस्य व अग्रवाल नर्सिंग होम बसना के संचालक डॉ एनके अग्रवाल के मार्गदर्शन में 21 दिसंबर 2023 को विशाल ऑपरेशन शिविर का आयोजन रखा गया है। जिसमें हर्निया, गॉल ब्लैडर पथरी, अपेंडिक्स, बच्चेदानी संबंधित, हाइड्रोसील, अंडाशय गठान, ओवेरियन सिस्ट, पॉलिप, परफोरेशन, पाइल्स, फिशर, दूरबीन द्वारा पेट की जांच, स्तन की गठान, कैंसर संबंधित ऑपरेशन का दूरबीन एवं लेजर पद्धति से रायपुर के प्रसिद्ध सर्जन की टीम द्वारा किया जाएगा। विशाल आपरेशन शिविर में मध्यभारत के प्रख्यात डॉक्टरों की टीम डॉ संदीप दवे दूरबीन पद्धति शल्य चिकित्सक (रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल, रायपुर), डॉ सिद्धार्थ तामस्कर - जनरल एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन (रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल, रायपुर), डॉ जेपी बर्मन जनरल एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन, अग्रवाल नर्सिंग होम बसना से डॉ भारती अग्रवाल स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ शिविर का संचालन करेंगे। राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड एव बीजू कार्ड के अंतर्गत आपरेशन निःशुल्क किया जाएगा। कुछ आपरेशन आयुष्मान के अंतर्गत नहीं, जैसे बच्चे दानी सम्बंधित, हाइड्रोसिल, पाईल्स इत्यादि का आपरेशन बहुत कम दरों में किया जाएगा। साथ ही रहना खाना दवाइयां सभी पैकेज में सम्मिलित है।



ऑपरेशन के इच्छुक मरीज 19 दिसंबर अपनी पुरानी रिपोर्ट के साथ अग्रवाल नर्सिंग होम बसना में पंजीयन करा सकते हैं। ज्ञात रहे कि डॉ संदीप दवे एवं टीम को मध्य भारत में प्रख्यात लेप्रोस्कोपिक एवं रोबोटिक सर्जरी में विशेष ख्याति प्राप्त है, जो कि 50000 से अधिक सफल सर्जरी का अपना कीर्तिमान रचा है।

## महाविद्यालय में अंग्रेजी साहित्य परिषद अध्यक्ष बनीं अर्चना व पंकज बने उपाध्यक्ष

**महासमुंद।** शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में अंग्रेजी विभाग द्वारा अंग्रेजी साहित्य परिषद का गठन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ अनुसुइया अग्रवाल द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया। तत्पश्चात अतिथियों का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में प्रो सी खलखो विभागाध्यक्ष अंग्रेजी द्वारा विभागीय प्रतिवेदन प्रस्तुत कर विभाग में हो रही गतिविधियों के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। प्राचार्य डॉ अनुसुइया अग्रवाल ने अंग्रेजी साहित्य परिषद के अध्यक्ष अर्चना साहू, उपाध्यक्ष पंकज कुमार सिदार, सचिव खुशी साहू एवं सहसचिव खोमिन साहू को शपथ ग्रहण कराया। छात्रों एवं विभाग के प्राध्यापकों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि शिक्षा का मुख्य उद्देश्य व्यक्तित्व का विकास करना है। छात्र परिषद गठन जैसी रचनात्मक गतिविधियों से छात्रों के व्यक्तित्व के विकास में वृद्धि होगी। तत्पश्चात डॉ रीता पांडे कला संकाय प्रभारी ने अपने उद्बोधन में कहा कि वर्तमान परिपेक्ष्य में अंग्रेजी रोजगार की भाषा है। अतः छात्र एवं छात्राओं को एमए अंग्रेजी की उपाधि प्राप्त करने के साथ-साथ अंग्रेजी का व्यवहारिक ज्ञान भी होना चाहिए। कार्यक्रम में अंग्रेजी साहित्य के प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। आभार प्रदर्शन नरेश कुमार अतिथि सहायक प्राध्यापक द्वारा किया गया। मंच संचालन आशुतोष पुरी गोस्वामी सहायक प्राध्यापक ने किया।

घर बैठे लोन पायें
• LOW INTEREST RATE •
बिजनेस लोन
पर्सनल लोन
होम लोन
कार लोन
मॉर्गेज लोन
LOW PROCESSING FEE
ITR फाईल करने का अंतिम अवसर 31 दिसम्बर तक
लोन लेने के लिए आज ही ITR बनवायें
मात्र- 499/-
ITR GST
कारगिल चौक, सुन्दर नगर, रायपुर (छ.ग.), मो. 9343916614

## लोक अदालत में पति-पत्नी के आपसी विवाद का हुआ पटाक्षेप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

नेशनल लोक अदालत का आयोजन न्यायिक मजिस्टेट प्रथम श्रेणी सरायपाली नमिता मिंज भास्कर के न्यायालय में किया गया। जिसमें शासन विरूद्ध जगदीश दास धारा 294, 323, 506 भादवि का प्रकरण पति एवं पत्नी के मध्य आपसी घरेलू कलह विवाद के संबंध में विवाद होकर मारपीट हो जाने के संबंध में प्रकरण न्यायालय में 01 वर्ष से लंबित था। नेशनल लोक अदालत के माध्यम से प्रार्थिया कंचन दास द्वारा अपने पति आरोपी जगदीश दास पिता बिहारी दास ग्राम छोटेसाजापाली के साथ आपसी राजीनामा कर सुलह समझौता कर लिया गया तथा दोनों साथ रहने के लिए हंसी खुशी राजी हुए। लंबे अरसे से चल रहे प्रकरण का नेशनल लोक अदालत के माध्यम से निराकरण किया गया। उक्त समझौते में आरोपी के अधिवक्ता बीरेश भोई, कमला नंदे, मंजूलता कुमार, सुलहकर्ता सदस्य शशिकांत पटेल एवं पैरालीगल वालेंटियर राकेश कुमार मिश्रा द्वारा सुलह कराया गया। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश सरायपाली शोभना कोष्टा के न्यायालय में कुल 10 प्रकरणों में राजीनामा किया गया। जिसमें 05 मोटर दुर्घटना, जिसमें 44,00000 रुपए का अवार्ड पारित किया गया।



03 ऑरबिटशन 11,27,300 01 दाण्डिक अपील, 01 बिजली-21118 एवं प्री-लिटिगेशन के 20 प्रकरण में 2,28190 रुपए में राजीनामा किया गया। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सरायपाली नामिता मिंज भास्कर के न्यायालय में कुल 189 प्रकरणो में राजीनामा किया गया। जिसमें 258 की कार्रवाई 110, ट्रैफिक चलन 66, सिविल में 01, क्रिमिनल 06 राजीनामा, 138 में 05 प्रकरणों में राजीनामा एवं प्री-लिटिगेशन के 01 प्रकरण में 60,000 रुपए में राजीनामा किया गया।

Health Town
यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• Revision TKR,THR
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
• अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
• विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक
सुबह 10.30 to 2.30 pm., सायं 7.00 to 8.30 pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड, रायपुर (छ.ग.) फोन: 0771-2234153,4074154
8817428621,6265421645
मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
9406004581
7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर
बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133


'समाज में व्याप्त जातिगत विषमताओं को नकारते हुए
मनखे-मनखे एक समान का संदेश देने वाले संत शिरोमणि
छत्तीसगढ़ के महान संत एवं सतनाम पंथ के प्रवर्तक
गुरु घासीदास बाबा जी
की 267वीं जयंती पर
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
स्व. धरमदास महिलांग जी
श्रीमती राशि त्रिभुवन महिलांग
अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद महासमुंद
श्री त्रिभुवन महिलांग
पूर्व उपाध्यक्ष, नगर पालिका परिषद महासमुंद


समस्त क्षेत्रवासियों को परम पूज्य
गुरु घासीदास बाबा
की जयंती की हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं
छत्तीसगढ़ का लोकप्रिय अखबार दैनिक
हरिभूमि
रायपुर संस्करण के स्थापना दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
पवन साहू
सांसद प्रतिनिधि, आबकारी विभाग महासमुंद
मोहन साहू
सांसद कार्यालय प्रभारी महासमुंद


"प्रेम, शांति और सद्भावना जीवन का मूल धर्म है"
का संदेश देने वाले परमपूज्य
बाबा गुरु घासीदास जी
की जयंती की समस्त क्षेत्रवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
मान. शिव कुमार डहरिया जी
पूर्व मंत्री, छत्तीसगढ़ शासन
श्रीमती राशि त्रिभुवन महिलांग जी
अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद महासमुंद
मान. त्रिभुवन महिलांग जी
पूर्व उपाध्यक्ष, नगर पालिका परिषद महासमुंद
छत्तीसगढ़ का लोकप्रिय अखबार दैनिक
हरिभूमि
रायपुर संस्करण के स्थापना दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
अश्वनी सचिन गायकवाड़
सभापति, स्वास्थ्य विभाग जनपद पंचायत-महासमुंद
सचिन गायकवाड़
जिलाध्यक्ष, अनुसूचित जाति कांग्रेस महासमुंद


जय सतनाम
सत से धरती उपजे, सत से खड़े आकाश
सत से सृष्टि रचे, कह गए गुरुघासीदास
एस.आर. बंजारे
प्रदेश महासचिव
दिनेश बंजारे
विनय बंजारे
परम पूज्य संत शिरोमणी
गुरु घासीदास बाबा जी की
267वीं
जयंती की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
गणेश टंडन
ब्लॉक सचिव महासमुंद
चित्रकुमार भारती
ब्लॉक अध्यक्ष महासमुंद छ.ग.
विनीत : प्रगतिशील छ.ग. सतनामी समाज (ब्लॉक महासमुंद)

## खबर संक्षेप



### बाबा गुरु घासीदास की जयंती व शोभायात्रा आज

**सरायपाली।** नगर में आज गुरु घासीदास बाबा की जयंती एवं भव्य शोभायात्रा का आयोजन सतनामी समाज, फुलझर अंचल सरायपाली द्वारा किया गया है। जयंती को ऐतिहासिक बनाने के लिए क्षेत्र के अधिकारी कर्मचारी व ग्रामीणजन जोर-शोर से तैयारी में जुटे हुए हैं। यह शोभायात्रा सरायपाली के ओवरब्रिज से प्रारंभ होकर नगर भ्रमण करते हुए भंवरपुर रोड सतनाम मंगल भवन में समाप्त होगा एवं रात्रि में भोजन व गुरु प्रसादी की व्यवस्था पश्चात रायपुर के सुप्रसिद्ध कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम जहुरिया की प्रस्तुति नवनिर्मित सतनाम मंगल भवन भंवरपुर रोड में होगी। कार्यक्रम में विकासखंड सरायपाली के सतनामी समाज के समस्त साधु संत, समाज प्रमुख, नागरिक, समस्त अधिकारी-कर्मचारी व समाज के कर्णधार, नारी शक्ति, नवयुवक युवती शामिल होंगे।



### बाबा गुरु घासीदास की शोभायात्रा आज

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में 18 दिसंबर सोमवार के दिन सतनामी समाज द्वारा बाबा गुरु घासीदास की पूजा अर्चना कर शोभायात्रा 11 बजे निकाली जाएगी। प्रत्येक घर दीप जलाकर गुरु घासीदास का जन्म महोत्सव मनाया जाएगा। शाम 4 प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन रखा गया है। बाद में प्रसाद वितरण किया जाएगा। वहीं 19 दिसंबर को गुरु बाबा घासीदास जयंती मनाई जाएगी। कार्यक्रम की तैयारी में समाज के लोग जुटे हुए हैं।

### बादल छंटते ही बढ़ी ठंड

नर्रा। बादल छंटने के बाद अब क्षेत्र में कोहरे के साथ कड़ाके की ठंड पड़ रही है। अलसुबह कोहरे के साथ ठंड बढ़ने से गर्म कपड़े स्वेटर, जैकेट, शाल कंबल इत्यादि की खरीदारी भी बढ़ गई है। शाम ढलते ही लोग घरों में दुबक रहे हैं।

### रबी फसल की तैयारी में जुटे किसान



**नर्रा।** अंचल में इन दिनों धान का कटाई अंतिम चरण में है। बताया जाता है कि अधिकांश किसानों ने धान का कटाई व मिंजाई भी कर ली है। अब सोसायटी में विक्रय करने की तैयारी में है। वहीं साधन संपन्न ट्यूबवेल वाले किसान रबी फसल की तैयारी में जुटे गए हैं। ट्यूबवेल सबमर्सिबल पंप से खेत में पानी छोड़ दिया गया है। रोपाई के लिए धान बीज का छिड़काव भी कर रहे है।

# हीरक जयंती के रूप में मनाया केंद्रीय विद्यालय संगठन का 60वां स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

केवी संगठन का 60वां स्थापना दिवस केंद्रीय विद्यालय महासमुंद में हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रार्थना सभा में एक विशेष कार्यक्रम हुआ। मुख्य अतिथि सत्यम देवांगन संघ लोक सेवा आयोग भारतीय इंजीनियरिंग परीक्षा में चयनित व केवी महासमुंद के पूर्व छात्र तथा विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य सुरेश कुमार सिंह ने अध्यक्षता की। कार्यक्रम की शुरुआती दौर में मुख्य अतिथि एवं प्राचार्य ने मां सरस्वती के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित व दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।



उपरांत कक्षा 11वीं के छात्र खिमेंद्र साहू ने केन्द्रीय विद्यालय संगठन के गौरवशाली इतिहास से परिचित करवाया एवं उसके स्थापना, उपलब्धियों, लक्ष्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में स्थापित कीर्तिमानों पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि देवांगन ने केंद्रीय विद्यालय संगठन के बारे में अपने विचार व्यक्त किए तथा परीक्षा में सफलता के लिए विद्यार्थियों को टिप्स दिए। प्रभारी प्राचार्य सुरेश कुमार सिंह ने कहा कि केंद्रीय विद्यालय देश का सबसे बड़ा शैक्षिक संगठन है और यहां के विद्यालयों में देश के भविष्य का निर्माण होता है। उन्होंने कहा कि हर बच्चा अपने आप में विशिष्ट होता है, उसे स्वयं में छिपी उस प्रतिभा को पहचानकर निखारना होता है। केंद्रीय विद्यालय इस कार्य में उसकी सहायता करते हैं और उनके अच्छे चरित्र के निर्माण में अपनी भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर विद्यालय स्तर पर कई सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। इसमें संगीत शिक्षक प्रभात देवांगन के मार्गदर्शन एवं पितेश्वरी साहू के सहयोग से बालवाटिका एवं छात्र-छात्राओं ने प्रस्तुति देकर सभी का मनमोह लिया। इस दौरान सभी विभागों द्वारा विशेष रूप से प्रदर्शनी लगाई गई। संचालन सीसीए प्रभारी जितेंद्र चंद्राकर तथा भूमिका पाराशर एवं आभार प्रदर्शन स्नातकोत्तर शिक्षिका रोहिता बंसोड़ ने किया। कार्यक्रम में प्रधानाध्यापिका कांता एक्का सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं का योगदान रहा।

## पहल: महासमुंद वन मंडल ने किया बड़े वृक्षों की शिफ्टिंग का पहला प्रयोग

# नेशनल हाइवे के वृक्षों की शिफ्टिंग शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

### ग्रीन केयर सोसायटी इंडिया द्वारा चलाई गई थी मुहिम

जिले के नेशनल हाइवे 353 में बेलसोंडा रेलवे क्रॉसिंग पर स्वीकृत ओवरब्रिज निर्माण के लिए 125 बड़े वृक्षों को काटने के लिए चिन्हित किया गया। सुरक्षित यातायात एवं विकास कार्यों में बाधा बन रहे वृक्षों को काटने की अपेक्षा जड़ मिट्टी समेत उखाड़कर शिफ्टिंग का पहला प्रयोग महासमुंद वन मंडल में किया जा रहा है।

जानकारी मिलते ही इन वृक्षों को बचाने, काटने की बजाए शिफ्टिंग करने के लिए ग्रीन केयर सोसायटी इंडिया द्वारा मुहिम चलाई गई। ग्रीन केयर अध्यक्ष डॉ विश्वनाथ विश्वनाथ पाणिग्राही ने बताया कि इसके लिए पत्र, ज्ञापन मेल के माध्यम से तथा वन मंडलाधिकारी पंकज राजपूत से मिलकर चर्चा किया।

उन्होंने इसकी स्वीकृति प्रदान की। परिक्षेत्र अधिकारी टीआर सिन्हा की मॉनिटरिंग में वन अमला एवं कोलकाता से पहुंचे, शिफ्टिंग विशेषज्ञ अर्नब मंडल के तकनीकी मार्गदर्शन में शिफ्टिंग कार्य शुरू किया गया। डॉ विश्वनाथ पाणिग्राही दिनभर कार्यस्थल पर साथ जुटे रहे।



### पहले शाखाओं की कटाई, छंटाई फिर परिवहन

सबसे पहले भारी भरकम बेतरतीब शाखाओं की छंटाईं की गई। फिर जेसीबी से वृक्ष के चारों ओर गोल परिधि बनाकर जड़ों को सुरक्षित रखते हुए जेसीबी से धीरे-धीरे मिट्टी हटाकर वृक्ष के जड़ों का जमीन से संपर्क काटा गया। उसी स्थिति में जड़ मिट्टी सहित वृक्ष को हाइड्रा क्रेन मशीन से परिवहन कर पहले से उसी आकार के खोदे गए गड्ढे में रोपित किया गया। बेलसोंडा रेलवे स्टेशन एवं एनएच के बीच वन विभाग द्वारा विकसित किए जा रहे प्रायोगिक गार्डन में वृक्षों को शिफ्ट कर फिर से रोपित किया जा रहा है।

### हल्दी का लेप एवं दवाइयां लगाई गई

वृक्ष को लगाने के पहले डंगालों के काटे गए स्थान पर एवं अन्य कटे छीले स्थानों में हल्दी का लेप लगाया गया। हल्दी का लेप नेचुरल फंगीसाइड का काम करता है। साथ ही जड़ों में केमिकल फंगीसाइड डाला गया। इसके बाद रूट हार्मोन डाला गया। वृक्ष को गड्ढे में बैठाने के बाद रूट बूस्टर 20 लीटर पानी में घोलकर जड़ों में छिड़काव किया गया। उसके बाद वृक्ष को गड्ढे में खड़ा रखकर मिट्टी भरा गया। पानी की सिंचाई की गई। पानी सिंचाई की प्रक्रिया प्रतिदिन आवश्यकतानुसार जारी रहेगी।

### तकनीकी गाइडेंस में शिफ्टिंग का कार्य

शिफ्टिंग स्थल पर डटे वन परिक्षेत्र अधिकारी टीआर सिन्हा ने बताया कि वन मंडलाधिकारी पंकज राजपूत के मार्गदर्शन में पर्यावरण विद डॉ विश्वनाथ पाणिग्रही एवं कोलकाता से आए विशेषज्ञ अर्नब मंडल के तकनीकी गाइडेंस में शिफ्टिंग का कार्य हो रहा है, यदि यह प्रयोग सफल हुआ तो आगे और भी शिफ्टिंग किए जाएंगे। डॉ विश्वनाथ पाणिग्राही ने सदस्यों के साथ वन मंडलाधिकारी पंकज राजपूत को जिले के इस पहले शिफ्टिंग कार्य की सफलता के लिए साधुवाद दिया और परिक्षेत्र अधिकारी टीआर सिन्हा एवं वन अमले की सराहना की।

# खरोरा में श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर हुई बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

अयोध्या में नवनिर्मित मंदिर में प्रभु श्रीराम लाल की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम 22 जनवरी 2024 को आयोजित है। इस दिवस को उत्साह और भक्तिमय मनाने के लिए ग्राम खरोरा में धर्म प्रेमी, ग्रामवासियों की बैठक हुई। बैठक में इस पावन दिवस को धूमधाम और भक्तिमय ढंग से मनाने का निर्णय लिया गया। इसके तहत सभी घरों में अयोध्या धाम से प्राप्त अक्षत के माध्यम से निमंत्रण पत्र दिया जाएगा। प्राण प्रतिष्ठा के दिन प्रभु राम के जयकारे के साथ फेरी निकाली जाएगी। गली मोहल्ले को रंगोली के माध्यम से सजाया जाएगा। संध्या काल में गुड़ी चौक में प्रभु श्रीराम की महाआरती होगी। इस जगह 1001 दीपक के माध्यम से प्रभु श्रीराम की आराधना की जाएगी। कार्यक्रम स्थल को ध्वज और तोरण से भक्तिमय माहौल बनाया जाएगा। मानस मंडलियों द्वारा प्रभु राम पर भक्ति भजन प्रस्तुत किया जाएगा। महाआरती के पश्चात प्रसादी वितरण किया जाएगा। बैठक में शिक्षक जितेंद्र चंद्राकर, शिक्षक ओमप्रकाश चंद्राकर, शिक्षक मेमन चंद्राकर, शिक्षक हेमेंद्र चंद्राकर, संवेदना समूह खरोरा के मुकेश चंद्राकर, झम्मन चंद्राकर, गायत्री परिवार के महिला अध्यक्ष गीता चंद्राकर, निर्मला चंद्राकर, महेंद्र सूर्यवंशी उपस्थित रहे।

# महिलाओं को सशक्त व आर्थिक रूप से सुदृढ़ बनाने मोदी सरकार प्रतिबद्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सुधा साहू ने कहा कि महिलाओं को सशक्त व आर्थिक रूप से सुदृढ़ बनाने मोदी सरकार सतत प्रयास कर रही है। इसी कड़ी में अब महिलाओं के लिए लखपति दीदी, ड्रोन दीदी योजना के तहत महिलाओं को प्रशिक्षित किया जाएगा।

श्रीमती साहू ने बताया कि देश के अन्य क्षेत्रों की तरह अब छत्तीसगढ़ सहित जिले में भी ड्रोन के जरिए फसल और पौधों की सुरक्षा करने की पूरी तैयारी है। योजना के तहत ड्रोन्स की मदद से फसलों को बचाने के लिए उर्वरकों, कीटनाशकों का छिड़काव और सर्वे के साथ ही खेतों में बीज भी डाले जा सकेंगे। साहू ने बताया कि सरकार इस योजना के लिए वित्तीय वर्ष 2024-25 से 2025-26 तक 1261 करोड़ रुपए खर्च करेगी। इस योजना के अंतर्गत महिलाओं को ड्रोन उड़ाने और उपयोग करने के लिए आवश्यक प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। इस योजना में दो करोड़ महिलाओं के लिए कौशल विकास प्रशिक्षण शामिल है। साथ ही कृषि उद्देश्यों के लिए ड्रोन प्रदान कर 15,000 महिला स्वयं सहायता समूहों को सशक्त बनाने के लिए नवंबर में ड्रोन दीदी पहल भी शुरू की गई है।



सुधा साहू ने बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के हिस्से के रूप में इसका उद्देश्य उन नागरिकों तक पहुंचना है, जो विभिन्न केंद्रीय योजनाओं के लिए पात्र हैं, लेकिन अब तक लाभान्वित नहीं हुए हैं। जिले में भाजपा महिला मोर्चा लाभार्थियों को न केवल सरकारी अधिकारियों, बल्कि मोर्चा के साथ भी अनुभव साझा करने के लिए प्रोत्साहित करेगी। ताकि, महिला सशक्तिकरण के उदाहरण के रूप में काम कर सकें। इसके तहत ग्राम पंचायत स्तर पर भाजपा महिला मोर्चा द्वारा लाभार्थियों को अपने अनुभव साझा करने के लिए प्रेरित किया जाएगा। मोर्चा लाभार्थियों से नमो ऐप पर अपनी सेल्फी अपलोड करने के लिए भी प्रेरित करेगा। जिससे केंद्र की पहल से उनका जीवन कैसे परिवर्तित हुआ आदि के बारे में जानकारी प्राप्त कर अन्य महिलाओं को भी प्रेरित कर सकें।

# अंतरजातीय शादी करने वालों को नहीं किया जाएगा सामाजिक कार्यों में शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

अखिल भारतीय अघरिया समाज क्षेत्र सरायपाली के कार्यकारिणी की बैठक अध्यक्ष नेहरू लाल पटेल के अध्यक्षता में फुलझर अघरिया कन्या छात्रावास सरायपाली में रखी गई थी, जिसमें अंतरजातीय शादी करने वालों को सामाजिक कार्यक्रम में शामिल न करने, दाह संस्कार में नारियल की जगह घी डालने, दाह संस्कार के पश्चात स्वल्पाहार बंद करने का निर्णय लिया गया। साथ ही मांसाहार भोज को सामाजिक स्तर पर बंद करने, नवनिर्वाचित विधायक को स्वागत भेंट करने, पैता धाम में बन रहे मंदिर निर्माण कार्य के लिए राशि संकलन के संबंध में चर्चा की गई।

बैठक में उक्त चार बिंदुओं पर विचार करते हुए यह निर्णय लिया गया कि अंतरजातीय विवाह करने वालों को समाज के सामाजिक कार्य में शामिल नहीं किया जाएगा। मांसाहार भोज पर सामाजिक कार्यक्रमों में अविलंब रोक लगाने का प्रयास किया जाएगा। पैता धाम निर्माण में सहयोग राशि को लेकर बैठक में उपस्थित सदस्यों ने कहा कि सर्वप्रथम क्षेत्र पर क्षेत्र पदाधिकारी अपना राशि जमा करेंगे, समाज द्वारा दाह संस्कार के पश्चात स्वल्पाहार व्यवस्था मृतक परिवार की ओर से किया जाता है जिसे पूर्ण रूप से बंद करने का निर्णय, दाह संस्कार के दिन चिता में नारियल के स्थान पर घी का इस्तेमाल करने सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया। इसके अलावा वर्तमान में हुए विधानसभा चुनाव में जीत कर आए समाज के दोनों विधायक को आमंत्रित कर स्वागत करने का भी निर्णय लिया गया। बैठक के दौरान नेहरुलाल पटेल (अध्यक्ष), जितेंद्र पटेल (वरिष्ठ उपाध्यक्ष), लव कुमार पटेल (कोषाध्यक्ष), महेश राम पटेल (केंद्रीय प्रतिनिधि), खेमराज पटेल, कामता पटेल, श्यामलाल, लक्ष्मण पटेल, बालाराम पटेल, नीलांबर नायक, गंगाधर पटेल, भोलानाथ नायक, रूपलाल नायक, तुलाराम पटेल, शोभाराम पटेल, धनीराम पटेल, शरद पटेल, लखेश्वर नायक, हेमसागर चौधरी, सोमनाथ पटेल, नरसिंग चौधरी, रमेशलाल पटेल, हृदय राम नायक, दरश राम पटेल, डोलचंद पटेल उपस्थित रहे। संचालन वरिष्ठ उपाध्यक्ष जितेन्द्र पटेल ने किया। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी रामकुमार पटेल ने दी।



## महिला का सपना हुआ साकार, आवास योजना से खुशी और सम्मान के साथ जीवन जी रही

**महासमुंद।** प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत जिले के 60759 हितग्राही खुशी और सम्मान योजना के तहत बने आवासों में रह रहे हैं। जिले में योजना अंतर्गत वर्ष 2016-17 से 2022-23 तक कुल 73266 आवास स्वीकृत किए गए हैं। जिसमें से आज तक 60759 आवास पूर्ण एवं 12507 आवास प्रगतिरत है। इसमें से प्रथम किस्त की राशि फरवरी 2023 में जारी किया गया है।जनपद पंचायत महासमुंद अंतर्गत ग्राम पंचायत सिरपुर जिला मुख्यालय से 41 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। इस गांव में बकुल समेद्दार एकल महिला अत्यंत गरीब स्तर से जीवन यापन कर रही थी तथा कच्चे जर्जर मकान में रहकर गुजारा किया करती थी। जिसको प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिला। बकुल 65 वर्ष की वृद्ध महिला है जिनके पति की मृत्यु हो चुकी है। पति की मृत्यु के पश्चात उनका जीवन बहुत कठिनाई से भरा रहा। उनके मन में एक पक्का आवास का सपना अधूरा सा रह गया था। लेकिन इस योजना ने इनका सपना साकार किया। आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत बकुल को 2020-21 में आवास की स्वीकृति प्रदान की गई। स्वीकृति के बाद प्रथम किस्त 25000 रुपए जारी किया गया। इसके तुरंत बाद उन्होंने आवास निर्माण कार्य प्रारंभ किया। 20 जून 2023 को लेंटर लेवल तक का निर्माण हुआ व दूसरे किस्त की राशि 40000 रुपए के लिए एफटीओ किया गया। 05 सितंबर 2023 को रूफ कास्ट लेवल में जियो टैग पश्चात तृतीय किस्त की राशि 40000 रुपए के लिए एफटीओ किया गया। कुछ दिन के बाद 15000 रुपए की अंतिम किस्त भी जारी कर दी गई। इस तरह प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत कुल 120000 रुपए प्रदाय की गई।

## स्वयंसेवकों ने निकाली नशामुक्ति जागरुकता रैली




सरायपाली। कृषक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पाटसेंद्री में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा नशा उन्मूलन के लिए जागरुकता रैली निकाली गई। विद्यालय के प्राचार्य साखीराम पटेल के मार्गदर्शन और कार्यक्रम अधिकारी सोमेश्वर प्रसाद नायक के निर्देशन में नशे से होने वाले हानि के बारे में परिचर्चा हुई। छात्र-छात्राओं को व्यसन से दूर रहने के लिए विद्यालय के शिक्षकों द्वारा समझाइश दी गई। पश्चात विद्यालय के शिक्षक कर्मचारियों के साथ राष्ट्रीय सेवा योजना के पदाधिकारी दलनायक कामिनी साव, रोशनी दंडसेना, उत्तरा यादव, खिलेश्वरी दास, चांदनी साहू, चंद्रशेखर साव, गगन साहू, रूपेंद्र पटेल, सांस्कृतिक प्रभारी प्रीति भोई, ममता पटेल की अगुवाई में नशामुक्ति के नारे लगाते हुए स्वयंसेवकों द्वारा रैली निकाली गई।

# छात्रों ने औद्योगिक भ्रमण में टेलीकम्युनिकेशन को जाना

महासमुंद। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेमचा व्यावसायिक शिक्षा टेलीकॉम विषय के विद्यार्थियों को प्राचार्य एसएल पाटकर के दिशा निर्देश में व्यवसायिक प्रशिक्षक विनोद वर्मा के नेतृत्व में वार्षिक कैलेंडर कोर्स औद्योगिक भ्रमण के अन्तर्गत छात्र-छात्राओं को भारतीय दूरसंचार निगम लिमिटेड (टेलीफोन एक्सचेंज) महासमुंद का भ्रमण कराया गया। यहां बीएसएनएल के जूनियर इंजीनियर अनिल पटेल द्वारा दूरसंचार केंद्र के संचालन से संबंधित विभिन्न बारीकियों व सावधानी एवं उपयोग किए जाने वाले यथा नेटवर्क, आपस में सीएल भेजना और कैसे प्राप्त किया जाता है, इंटरनेट प्रदान, मोबाइल टावर का कार्य, सिग्नल को नियंत्रण के साथ ही नेटवर्क को एक स्थान से दूसरे स्थान पर जोड़ा कैसे जाता है, आपातकालीन स्थिति में नेटवर्क का योगदान, ऑप्टिकल फाइबर केबल के विषय में विद्यार्थियों को विस्तार से जानकारी दी गयी। जिससे छात्र छात्राओं को भविष्य में टेलीकम्युनिकेशन के क्षेत्र में रोजगार प्राप्त कर सकते हैं। साथ ही विद्यार्थियों को ग्लोबल ईटी डिजिटल सेवा केंद्र का भी भ्रमण कराया गया, जहां बच्चों को ऑनलाइन के माध्यम से इंटरनेट डिजिटल सुविधा एवं सायबर क्राइम ऑनलाइन ठगी कैसे करते हैं व उनसे कैसे बचा जाए आदि की जानकारी दी गई। इस अवसर पर आईसीटी मास्टर ट्रेनर तुलेंद्र सागर ने भी बच्चों को आईसीटी से सम्बंधित जानकारी देते हुए प्रोत्साहित कर बच्चों से कहा कि टेलीकॉम विषय में रोजगार के सुनहरा अवसर हो सकते हैं। संस्था प्रमुख एसएल पाटकर ने छात्रों को प्रोत्साहित किया। औद्योगिक भ्रमण से लौटने पश्चात बच्चों ने सभी शिक्षक स्टाफ के बीच अपना अनुभव बताए, जिसमें एसएल पाटकर, पीके ध्रुव, वायएस बलिहार, तुलेंद्र सागर, नवीन चंद्राकर, पीएल साहू, तारिणी कहार, महेश्वरी साहू, वीके तिवारी, कुंती दीवान, गंगा बंजारे, जुगनी गुंबर, अमृता कौर, संगीता चंद्राकर, आराधना साहू, सेवनदास मनुकपुरी, विनोद वर्मा, पूर्णिमा सिन्हा, रश्मि चंद्राकर, हेमलता साहू, सुमन भारती कोसरे, पार्वती चंद्रा स्टाफ से शकुंतला सोनी, सुषमा सागर,रूखमणी साहू, चेष्टा राय, प्रदीप यादव सभी ने हर्ष व्यक्त किया।






